राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान

का

वार्षिक प्रतिवेदन

2001-2002

राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान

(मानव संसाधन विकास मन्त्रालय, भारत सरकार के तत्त्वावधान में संस्थापित)

56-57, इन्स्टीट्यूशनल एरिया, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058

राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान

(मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार के तत्त्वावधान में संस्थापित)

वार्षिक प्रतिवेदन

२००१-२००२

राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान
५६-५७, इन्स्टीट्यूशनल एरिया, जनकपुरी
नई दिल्ली-११००५८

प्रकाशक:—

निदेशक

राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान

५६-५७, इन्स्टीट्यूशनल एरिया, जनकपुरी

नई दिल्ली-११००५८

अक्षरयोजक एवं मुद्रक—

अमर प्रिंटिंग प्रैस

८/२५विजय नगर, दिल्ली-९

विषय-सूची

१. प्रस्तावना ५

१.१ भूमिका और कार्य
१.२ कार्यक्रम और क्रियाकलाप
१.३ अध्यापन
१.४ अध्यापक-प्रशिक्षण
१.५ शोध
१.६ प्रकाशन

२. संगठन और स्थापना ७

३. शैक्षणिक विभाग १०

३.१ शैक्षणिक शाखा
३.२ शोध और प्रकाशन शाखा
३.३ पत्राचार पाठ्यक्रम शाखा

४. परीक्षा विभाग १४

५. प्रशासन विभाग १६

६. वित्त विभाग १८

७. योजना अनुभाग २०

८. विद्यापीठ २२

८.१ श्री सदाशिव केन्द्रीय संस्कृत विद्यापीठ, पुरी
८.२ गंगानाथ झा केन्द्रीय संस्कृत विद्यापीठ, इलाहाबाद
८.३ श्री रणवीर केन्द्रीय संस्कृत विद्यापीठ, जम्मू
८.४ गुरुवायूर केन्द्रीय संस्कृत विद्यापीठ, पुरानाटुकरा (त्रिचूर)
८.५ केन्द्रीय संस्कृत विद्यापीठ, जयपुर
८.६ केन्द्रीय संस्कृत विद्यापीठ, लखनऊ
८.७ राजीव गांधी केन्द्रीय संस्कृत विद्यापीठ, शृंगेरी
८.८ केन्द्रीय संस्कृत विद्यापीठ, गरली, हिमाचल प्रदेश

९. वर्ष की प्रमुख गतिविधियां ३५-५०

९.१. 'स्वयं संस्कृत सीखें' के प्रथम स्तर की सामग्री का लोकार्पण
९.२. विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा गठित उच्चस्तरीय समिति का आगमन
९.३. संस्कृतसप्ताहोत्सव
९.४. स्थापना दिवस समारोह
९.५. केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग की बैठक
९.६. इन्टरनेट पर आरम्भ किये जाने वाले योजना का उद्घाटन
९.७. अखिल भारतीय शास्त्रीय प्रतियोगिता
९.८. विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के नियोजन समिति की बैठक
९.९. दूरस्थ शिक्षण की कार्यशाला
९.१०. शोध प्रविधि एवं मातृकाविज्ञान का प्रशिक्षिणशिविर
९.११. संस्कृत छात्रों की ज़िलास्तरीय संस्कृत प्रतियोगिताएँ
९.१२. शिक्षण प्रशिक्षण शिविर
९.१३. पुनर्मुद्रण योजना में पुस्तकों का प्रकाशन

परिशिष्ट— ५१-७७

(क) राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान की साधारणसभा के सदस्यों की सूची
(ख) संस्थान की शासी परिषद् के सदस्यों की सूची
(ग) सम्बद्ध संस्थाएँ
(घ) संस्थान की परीक्षाओं को मान्यता देने वाली सरकारें
(ङ) संस्थान की परीक्षाओं को मान्यता देने वाले विश्वविद्यालय

१. प्रस्तावना

१.१ भूमिका और कार्य

राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान की स्थापना देश भर में संस्कृत की प्रोन्नति एवं विकास के लिए सन् १९७० में हुई तथा संस्था पंजीकरण अधिनियम १८६० (अधिनियम XXI) के अन्तर्गत इसका पंजीकरण किया गया। इसका वित्तीय भार पूर्णतया भारत सरकार वहन करती है। संस्कृत भाषा के प्रचार प्रसार एवं विकास के लिए यह एक शीर्षस्थ संस्था के रूप में कार्य कर रहा है। संस्थान संस्कृत-अध्ययन के विकास के लिए विभिन्न योजनाओं को लागू करने में **मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार** की सहायता करता है। संस्कृत भाषा और शिक्षण के विभिन्न क्षेत्रों में प्रचार-प्रसार और विकास के लिए सन् १९५६ में भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय द्वारा गठित संस्कृत आयोग की संस्तुतियों के प्रभावशाली कार्यान्वयन के लिए यह एक प्रमुख संस्था के रूप में अपनी भूमिका निभा रहा है।

संस्था के ज्ञापन (मेमोरेण्डम ऑफ एसोसियेशन) से परिलक्षित होता है कि राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान का प्रमुख उद्देश्य संस्कृत विद्या और शोध का प्रचार-प्रसार, विकास तथा प्रोत्साहन करना है और संस्थापित अथवा अधिगृहीत सभी केन्द्रीय संस्कृत विद्यापीठों के प्रबन्ध के लिए केन्द्रीय प्रशासकीय तथा समन्वय करने वाली संस्था के रूप में कार्य करना है।

१.२ कार्यक्रम और क्रियाकलाप

उपर्युक्त उद्देश्य की पूर्ति के लिए संस्थान निम्नलिखित कार्यक्रमों एवं क्रियाकलापों का संचालन करता है—

— विभिन्न राज्यों में केन्द्रीय संस्कृत विद्यापीठों की स्थापना।

— उच्च एवं उच्चतर माध्यमिक, पूर्व स्नातक, स्नातक, स्नातकोत्तर एवं अनुसंधान स्तर पर परम्परागत पद्धति से संस्कृत के अध्यापन-कार्य को संचालित करना।

— स्नातक स्तर पर अध्यापकों के प्रशिक्षण (शिक्षा शास्त्री) का संचालन।

— संस्कृत वाङ्मय के विभिन्न क्षेत्रों में अनुसंधान कार्य का संचालन और समन्वयन।

— पारस्परिक अभिरुचि वाली संयुक्त परियोजनाओं को प्रायोजित करने में अन्य संस्थाओं के साथ सहयोग स्थापित करना।

— संस्कृत पुस्तकालयों, पाण्डुलिपि संग्रहालयों की स्थापना और दुर्लभ पाण्डुलिपियों और महत्वपूर्ण ग्रन्थों का सम्पादन व प्रकाशन।

१.३ अध्यापन

संस्थान के अंगभूत विद्यापीठों में प्राक्शास्त्री से आचार्य स्तर तक का अध्यापन-कार्य संस्थान द्वारा निर्धारित पाठ्यक्रम के आधार पर किया जाता है। स्वैच्छिक संगठनों द्वारा संचालित संस्थान से सम्बद्ध कुछ अन्य संस्कृत संस्थायें भी इस पाठ्यक्रम के

आधार पर अध्यापन करती हैं। संस्कृत शिक्षण की गैर परम्परागत पद्धति से आने वाले छात्रों के सौविध्य के लिए संस्थान के सभी विद्यापीठों में + २ स्तर का एक द्विवर्षीय प्राक्शास्त्री पाठ्यक्रम चलाया जाता है। पुरी और जम्मू विद्यापीठों में प्रथमा (कक्षा ६,७ और ८) से लेकर पूर्वमध्यमा (कक्षा ९-१०) और उत्तरमध्यमा (कक्षा ११-१२) तक विद्यालयस्तरीय पाठ्यक्रम भी चलाया जाता है।

वर्तमान में राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान आठ केन्द्रीय संस्कृत विद्यापीठों का संचालन कर रहा है।

१.४ अध्यापक-प्रशिक्षण

सभी केन्द्रीय विद्यापीठों में एक शैक्षिक सत्र की अवधि का अध्यापकों का प्रशिक्षण पाठ्यक्रम चलाया जाता है जो प्रयोगात्मक शिक्षण पर बल देता है। इस पाठ्यक्रम में सफल होने वाले विद्यार्थियों को शिक्षाशास्त्री की उपाधि दी जाती हैं।यह उपाधि बी.एड. के समकक्ष होती है।

१.५ शोध

गंगानाथ झा केन्द्रीय संस्कृत विद्यापीठ इलाहाबाद, संस्कृत के कुछ विशिष्ट क्षेत्रों में शोध के लिए पूर्ण रूप से प्रवृत्त है। अन्य सभी विद्यापीठों में भी शोधछात्रों की सुविधा के लिए उनके पंजीकरण की व्यवस्था है। अनुसंधान कार्य पूरा करने के बाद उन्हें संस्थान द्वारा विद्यावारिधि की उपाधि दी जाती है जो पी-एच्. डी. के समकक्ष है।

१.६ प्रकाशन

क. शोधपत्रिका

राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान से दो अनुसंधान पत्रिकाओं का प्रकाशन किया जाता है:-संस्कृत-विमर्श और गंगानाथ झा केन्द्रीय संस्कृत विद्यापीठ शोध-पत्रिका। **संस्कृत-विमर्श** का प्रकाशन मुख्यालय द्वारा किया जाता है। दूसरी पत्रिका का प्रकाशन गंगानाथ झा केन्द्रीय संस्कृत विद्यापीठ, इलाहाबाद से **जर्नल ऑफ गंगानाथ झा केन्द्रीय संस्कृत विद्यापीठ, इलाहाबाद** के नाम से होता है। इसके अतिरिक्त 'उशती' नाम से एक वार्षिक पत्रिका का प्रकाशन भी इस विद्यापीठ से होता है।

ख. ग्रन्थ

राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान से उच्चस्तरीय अनुसन्धान परक ग्रन्थों का प्रकाशन होता है।इसमे देश के अनेक प्रान्तों के विद्वानों द्वारा विरचित/सम्पादित ग्रन्थों का प्रकाशन होता है। इस वर्ष यह भी निर्णय लिया गया है कि संस्थान संस्कृत वर्ष की स्मृति को चिरस्थाई बनाने के लिए ३०० अत्यन्त दुर्लभ ग्रन्थों का प्रकाशन 'संस्कृत वर्ष स्मृति ग्रन्थ माला' शृङ्खला में प्रकाशित करेगा।इस शृङ्खला में ३०० अप्रकाशित दुर्लभ ग्रन्थों/उत्तम ग्रन्थों का संस्कृत अनुवाद/मौलिक ग्रन्थ प्रकाशित करने का संकल्प है। इस वर्ष इस शृङ्खला के पाँच ग्रन्थ यन्त्रस्थ हैं। यह भी निर्णय लिया गया है कि दुर्लभ संस्कृत ग्रन्थों का प्रकाशन कर अत्यल्प मूल्य पर विद्वानों को उपलब्ध कराया जाएगा।

संस्थान का अंगभूत गंगानाथ झा विद्यापीठ सतत दुर्लभ एवं अप्रकाशित ग्रन्थों का संपादन कार्य करता है। इस वर्ष विद्यापीठ को मुद्रणार्थ तैयार २४ ग्रन्थों को प्रकाशन की स्वीकृति दी गई जिसमें सात पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं।

२. संगठन और स्थापना

साधारण सभा संस्थान की नीतियों का निर्धारण करती है जिसमें २२ सदस्य हैं । राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान की साधारण सभा के सदस्यों की सूची संलग्नक 'क' में दी गयी है । शासी परिषद् शीर्षस्थ शासी निकाय है, जिसमें अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष के अतिरिक्त छः सदस्य हैं । साधारण सभा द्वारा स्वीकृत नीतियों का क्रियान्वयन शासी परिषद् द्वारा किया जाता है । वर्तमान शासी परिषद् का गठन संलग्नक 'ख' पर संलग्न है ।

शासी परिषद् के कार्यों के सम्पादन में निम्नलिखित समितियाँ/परिषद् सहायता करती हैं—

१. अर्थ समिति

२. विद्या परिषद्

३. प्रकाशन समिति

४. शोध समिति

५. परीक्षा मण्डल

राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान चार विभागों के द्वारा कार्य करता है:—

१. शैक्षणिक विभाग

२. परीक्षा विभाग

३. प्रशासन विभाग

४. वित्त विभाग

शैक्षणिक विभाग की तीन शाखाएँ हैं, जिनके नाम हैं:—

१. शैक्षणिक शाखा

२. शोध और प्रकाशन शाखा

३. पत्राचार पाठ्यक्रम शाखा

इनमें से प्रत्येक शाखा का प्रधान अधिकारी एक एक उप-निदेशक होता है । ये सभी अधिकारी संस्थान के निदेशक की सहायता करते हैं जो संस्थान का सर्वोच्च कार्यपालक अधिकारी होता है और साधारण सभा एवं शासी परिषंद् द्वारा स्वीकृत नीतियों और कार्यक्रमों के संपादन के लिए उत्तरदायी होता है । संस्थान का निदेशक भारत सरकार द्वारा नियुक्त किया जाता है ।

२.१ शैक्षणिक विभाग

इसकी तीन शाखाएँ हैं—

२.१.१ शैक्षणिक शाखा

यह शाखा मुख्यत: शैक्षिक स्तर के निर्धारण, विभिन्न पाठ्यक्रमों के निर्माण तथा शैक्षणिक कार्यक्रमों के निर्धारण के लिए उत्तरदायी है। इसके अतिरिक्त यह शाखा संस्कृत संस्थाओं को सम्बद्धता प्रदान करने तथा मेधावी छात्रों को छात्रवृत्ति प्रदान करने का कार्य भी करती है।

२.१.२ अनुसंधान एवं प्रकाशन शाखा

यह शाखा संस्थान के अंगीभूत विद्यापीठों के प्रकाशन और अनुसंधान कार्यों के समन्वय और कार्यान्वयन से सम्बद्ध है। यह संस्थान के अनुसंधान एवं प्रकाशन कार्यक्रमों तथा परियोजनाओं का कार्यान्वयन भी करती है।

२.१.३ पत्राचार पाठ्यक्रम शाखा

यह शाखा पत्राचार पाठ्यक्रम के सुचारु रूप से संचालन के लिए उत्तरदायी है। यह पाठ्यक्रम दो स्तर पर संचालित है—

(क) संस्कृत का प्रारम्भिक पाठ्यक्रम-प्रथम वर्ष (हिन्दी और अंग्रेजी माध्यम)

(ख) संस्कृत का प्रारम्भिक पाठ्यक्रम-द्वितीय वर्ष (हिन्दी और अंग्रेजी माध्यम)

२.२ परीक्षा विभाग

परीक्षा विभाग निम्नलिखित पाठ्यक्रमों के लिए वार्षिक और पूरक परीक्षाओं का आयोजन करता है—

प्रथमा	(कक्षा VIII)
पूर्वमध्यमा	(कक्षा X)
उत्तरमध्यमा	(कक्षा XII)
प्राक्शास्त्री	(कक्षा XII)
शास्त्री	(बी० ए०)
आचार्य	(एम० ए०)
शिक्षाशास्त्री	(बी० एड्०)

इसके अतिरिक्त शिक्षाशास्त्री में प्रवेश के लिए प्रतियोगी प्रवेश-परीक्षा पूर्व-शिक्षाशास्त्री परीक्षा (पी.एस.एस.टी.) का आयोजन भी किया जाता है।

यह विभाग शोध-उपाधियां प्रदान करने के लिए केन्द्रीय संस्कृत विद्यापीठों और सम्बद्ध संस्थाओं के विद्यार्थियों के शोध-प्रबंधों का मूल्यांकन एवं उनकी मौखिक परीक्षा की भी व्यवस्था करता है।

२.३ प्रशासन विभाग

यह विभाग संस्थान और उसके अंगीभूत विद्यापीठों के सामान्य प्रशासनिक कार्यों की देखभाल करता है। नियुक्तियों, पदस्थापन, स्थानान्तरण तथा अन्य स्थापना संबंधी कार्यों की योजना बनाना और विद्यापीठों पर नियन्त्रण रखना इस विभाग का प्रमुख दायित्व है।

(ख) छात्रवृत्ति

छात्रवृत्ति कार्यक्रम की दो प्रमुख शाखाएं है जिसमें से एक विद्यापीठ के विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति प्रदान करने संबंधित है। यह छात्रवृत्ति प्रत्येक विद्यापीठ के बजट से दी जाती है। वर्ष २००१-२००२ में अंगभूत विद्यापीठों के विद्यार्थियों को दी जाने वाली छात्रवृत्तियों का विवरण इस प्रकार है :

२.४ वित्त विभाग

इस विभाग का कार्य आय-व्यय का विवरण तैयार करना, अनुदान की प्राप्ति तथा उसका वितरण, वित्तीय व्यवस्था और वार्षिक लेखा-जोखा तैयार करना है । यह भविष्य निधि का भी प्रबन्ध करता है और शिक्षा मन्त्रालय की योजना के अन्तर्गत प्रदान की जाने वाली छात्रवृत्ति की राशि का भी वितरण करता है ।

विद्यापीठ

निम्नलिखित केन्द्रीय संस्कृत विद्यापीठ राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान के अंगीभूत विद्यापीठ हैं—

क्रम सं०	विद्यापीठ का नाम	स्थान
१.	गंगानाथ झा केन्द्रीय संस्कृत विद्यापीठ	इलाहाबाद
२.	श्री सदाशिव केन्द्रीय संस्कृत विद्यापीठ	पुरी
३.	श्री रणवीर केन्द्रीय संस्कृत विद्यापीठ	जम्मू
४.	गुरूवायूर केन्द्रीय संस्कृत विद्यापीठ	त्रिचूर
५.	केन्द्रीय संस्कृत विद्यापीठ	जयपुर
६.	केन्द्रीय संस्कृत विद्यापीठ	लखनऊ
७.	श्री राजीव गांधी केन्द्रीय संस्कृत विद्यापीठ	शृंगेरी (कर्नाटक)
८.	केन्द्रीय संस्कृत विद्यापीठ	गरली (हिमाचल प्रदेश)

ये विद्यापीठ निम्नलिखित पाठ्यक्रमों के लिए अध्यापन कार्य करते हैं:—

क्रम सं०	पाठ्यक्रम	के समकक्ष
१.	प्रथमा	मिडिल
२.	पूर्वमध्यमा	सेकेण्डरी
३.	उत्तरमध्यमा/प्राक्शास्त्री	सीनियर सेकेण्डरी
४.	शास्त्री	बी.ए.
५.	आचार्य	एम.ए.
६.	शिक्षाशास्त्री	बी.एड.
७.	शिक्षाचार्य	एम.एड.
८.	विद्यावारिधि	पी-एच.डी.

प्रथमा से उत्तरमध्यमा तक का पाठ्यक्रम विद्यालय स्तर का है, जिसका संचालन केवल पुरी और जम्मू विद्यापीठ में होता है । प्राक्शास्त्री यद्यपि विद्यालय स्तर का पाठ्यक्रम है, लेकिन बफर कोर्स होने के कारण इसे सभी विद्यापीठों में चलाया जाता है ।

३. शैक्षणिक विभाग

३.१ शैक्षणिक शाखा

इस विभाग का प्रधान अधिकारी उप-निदेशक होता है । प्रस्तुत वर्ष में इस विभाग में निम्नलिखित पदाधिकारी एवं कर्मचारी कार्यरत हैं—

१. एक अनुभाग अधिकारी

२. एक सहायक

३. एक वरिष्ठ आशुलिपिक

४. एक उच्च श्रेणी लिपिक

५. दो निम्न श्रेणी लिपिक

यह अनुभाग निम्नलिखित क्रियाकलापों से सम्बन्धित है—

(क) शैक्षिक क्रियाकलाप

यह संस्थान् के शैक्षिक क्रियाकलापों का प्रमुख व्यस्थापक है । विभिन्न कक्षाओं के लिए पाठ्यक्रम-निर्माण इसका मुख्य कार्य है । प्रथमा से आचार्य तक के संस्कृत विषयों के पाठ्यक्रम बनाने के लिए अलग-अलग अध्ययन मण्डलों का गठन किया जाता है ।

जहां तक अंग्रेजी, हिन्दी और आधुनिक विषयों जैसे इतिहास आदि के पाठ्यक्रम का प्रश्न है, केन्द्रीय माध्यामिक शिक्षा बोर्ड के पाठ्यक्रम को अपनाया जाता है । शास्त्री कक्षा के लिए आधुनिक विषयों जैसे हिन्दी और अंग्रेजी आदि के लिए समान्यतया दिल्ली विश्वविद्यालय के पाठ्यक्रम को अपनाया जाता है ।

(ख) प्रवेश

संस्कृत के विभिन्न परीक्षा-निकायों की परीक्षाओं की समकक्षता को ध्यान रखते हुए संस्थान के विद्यापीठों में छात्रों को विभिन्न कक्षाओं में प्रवेश दिया जाता है । वर्ष २००१-२००२ के दौरान केन्द्रीय संस्कृत विद्यापीठों में प्रवेश पाने वाले विद्यार्थियों का विवरण इस प्रकार है—

क्रम सं०	विद्यापीठ	प्रवेश पाने वाले विद्यार्थियों की संख्या	महिला छात्र	अनुसूचित जाति/ जनजाति
१.	इलाहाबाद	२५	१०	—
२.	पुरी	४७४	२५७	१६
३.	जम्मू	३६८	३२	१६
४.	गुरुवायूर	३२५	११५	४०
५.	जयपुर	३५१	३०	३६
६.	लखनऊ	१५२	२३	३५
७.	शृंगेरी	१०६	१४	१०
८.	गरली	२८३	१०८	१९

(ग) छात्रावास-सुविधा

वर्ष २००१-२००२ में विभिन्न केन्द्रीय संस्कृत विद्यापीठ के छात्रों को छात्रावास सुविधा प्रदान की गयी जिनकी संख्या निम्नलिखित है:—

क्रम सं०	विद्यापीठ	विद्यार्थियों की संख्या
१.	इलाहाबाद	—
२.	पुरी	१३२
३.	जम्मू	४०
४.	गुरुवायूर	—
५.	जयपुर	४९
६.	लखनऊ	५२
७.	शृंगेरी	१८
८.	गरली	—

३.२ शोध और प्रकाशन शाखा

शोध और प्रकाशन शाखा का प्रमुख एक सहायक होता है । प्रस्तुत वर्ष में इस शाखा में निम्नलिखित कर्मचारी कार्यरत हैं—

१. अनुभाग अधिकारी	१
२. शोध सहायक	१
३. सहायक दो	२
४. कनिष्ठ श्रेणी लिपिक	२
५. चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी	१

यह शाखा मुख्यालय और केन्द्रीय संस्कृत विद्यापीठों के शोध और प्रकाशन कार्यों में सामंजस्य स्थापित करने तथा उनकी प्रगति सुनिश्चित करने के लिए कार्य करता है । इसके अतिरिक्त मानव संसाधन विकास मंत्रालय से स्थानान्तरित निम्नलिखित योजनाओं को क्रियान्वित करता है—

१. संस्कृत-साहित्य के साथ-साथ संस्कृत समाचारपत्रों और पत्रिकाओं का प्रकाशन ।

२. संस्कृत-ग्रन्थों का क्रय और दुर्लभ ग्रन्थों का पुनर्मुद्रण ।

३. संस्कृत की पाण्डुलिपियों का क्रय और प्रकाशन ।

वर्ष २००१-२००२ में अनुदान समिति की दो बैठकें हुईं जिनमें विभिन्न योजनाओं के अन्तर्गत प्रस्ताव स्वीकृत किए गए ।संस्कृत पत्रिकाओं के प्रकाशनानुदान में वृद्धि की गई । केन्द्रीय शोधमण्डल की एक बैठक हुई ।इसमें विद्यावारिधि में पञ्जीकरण को स्वीकृति देने के अतिरिक्त शोध के स्तर का उन्नयन करने के लिए विभाग द्वारा 'प्राक् शोध परीक्षा' (प्राशोप) के आयोजन का निर्णय लिया गया । शोधार्थियों के प्रशिक्षण के लिए 'शोध प्रविधि एवं हस्तलेख विज्ञान' की कार्यशालाएँ आयोजित करने का निर्णय भी लिया गया ।

३.३. पत्राचार पाठ्यक्रम शाखा

इस शाखा का प्रमुख सहायक निदेशक होता है । वर्तमान में अधिकारी के सेवानिवृत्ति के कारण इसका कार्यभार एक शोध सहायक के पास है । इसके अतिरिक्त निम्नलिखित कर्मचारी कार्यरत हैं—

१. शोधसहायक	१
२. अनुभाग अधिकारी	१
३. अनुदेशक	२
४. कनिष्ठ श्रेणी लिपिक	२
५. परिचारक	२

पत्राचार पाठ्यक्रम शाखा की स्थापना शैक्षणिक विभाग के अन्तर्गत की गयी थी । यह शाखा अनेक वर्षों से पत्राचार के माध्यम से हिन्दी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में प्रारम्भिक स्तर पर संस्कृत के शिक्षण का कार्य कर रही है । यह द्विवर्षीय पाठ्क्रम दो स्तरों में विभाजित है, जिसमें से प्रत्येक में २१ पाठ हैं ।

वर्ष २००१-२००२ के अन्तर्गत इस पाठ्यक्रम में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों की संख्या का विवरण इस प्रकार है—

प्रथम वर्ष का पाठ्यक्रम	विद्यार्थियों की संख्या	विदेशी छात्र
(क) हिन्दी माध्यम	१४०	
(ख) अंग्रेजी माध्यम	८७	८
द्वितीय वर्ष का पाठ्यक्रम		
(क) हिन्दी माध्यम	४०	
(ख) अंग्रेजी माध्यम	११	
कुल योग	४३१	

यह पाठ्यक्रम भारतीय छात्र के लिए ५०-०० रुपये मात्र वार्षिक और विदेशी छात्र के लिए २० अमेरिकी डालर मात्र शुल्क लेकर चलाया जाता है ।

इन पाठ्यक्रमों को और अधिक लोकप्रिय बनाने और अधिक से अधिक विद्यार्थियों को यह सुविधा प्रदान करने के लिए संस्थान ने विज्ञापन और दृश्य प्रचार निदेशालय के माध्यम से संस्कृत के व्यापक प्रचार के लिए बहुत से कदम उठाए हैं । इन प्रयासों के परिणामस्वरूप विद्यार्थियों के अतिरिक्त अनेक उच्च पदाधिकारियों एवं विभिन्न आयु-वर्ग एवं व्यवसाय के लोगों ने पत्राचार पाठ्यक्रम में प्रवेश लिया है और संस्कृत सीख रहे हैं ।जो शिक्षार्थी इस पाठ्यक्रम को सफलतापूर्वक पूरा कर लेते हैं, उन्हें **संस्कृत-प्रवेश** प्रमाण पत्र दिया जाता है ।

४. परीक्षा विभाग

परीक्षा विभाग के प्रमुख उपनियन्त्रक (परीक्षा) हैं, जिनके नीचे दो और अधिकारी सहायक निदेशक और अनुभाग अधिकारी हैं। वर्तमान में इस विभाग में निम्नलिखित कर्मचारी कार्यरत हैं—

१. उपनिदेशक	१
२. अनुभाग अधिकारी	१
३. शोध सहायक	२
४. अनुदेशक	२
५. कनिष्ठ श्रेणी लिपिक	१
६. परिचारक	१
७. उच्च श्रेणी लिपिक	१
८. निम्न श्रेणी लिपिक	३
९. चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारी	३

संस्थान की परीक्षाओं का आयोजन इसका मुख्य दायित्व है। संस्थान के द्वारा प्रथमा से आचार्य, शिक्षाशास्त्री तथा विद्यावारिधि की परीक्षाओं का संचालन किया जाता है। इन परीक्षाओं में अंगीभूत विद्यापीठों तथा सम्बद्ध संस्थाओं दोनों के परीक्षार्थी परीक्षा में बैठते हैं। ये परीक्षाएं विद्यापरिषद् द्वारा निर्धारित मार्गदर्शक सिद्धान्तों के अनुरूप बनाए गए पाठ्यक्रमों के अनुसार संचालित की जाती हैं।

वर्ष २०००-२००१ में परीक्षाओं में उत्तीर्ण विद्यार्थियों की संख्या इस प्रकार है—

क्रम सं०	कक्षा	परीक्षा में बैठने वाले छात्रों की संख्या	उत्तीर्ण	प्रतिशत
१.	प्रथमा-तृतीय वर्ष	३५७	३२४	९०%
२.	पूर्वमध्यमा प्रथम वर्ष	१३६३	१२२७	९०%
३.	पूर्वमध्यमा द्वितीय वर्ष	१११९	९८८	८८.२९%
४.	उत्तरमध्यमा-प्रथम वर्ष	५८४	४६५	७९.६२%
५.	उत्तरमध्यमा-द्वितीय वर्ष	३३०	३२०	९७%
६.	प्राक्शास्त्री-प्रथम वर्ष	११७९	१०१२	८५.८३%
७.	प्राक्शास्त्री-द्वितीय वर्ष	८१५	७४२	९१%
८.	शास्त्री प्रथम वर्ष	१४८४	१४७१	९९%
९.	शास्त्री द्वितीय वर्ष	१२११	११६०	९५%

१०.	शास्त्री तृतीय वर्ष	७८०	७३९	९४.७४%
११.	आचार्य प्रथम वर्ष	१३१२	१०१५	७७%
१२.	आचार्य द्वितीय वर्ष	७४२	६६८	९०%
१३.	शिक्षाशास्त्री	३६१	३४७	९६.१२%

वर्ष २००१-२००२ में विभिन्न केन्द्रीय संस्कृत विद्यापीठों में शिक्षाशास्त्री कक्षा में प्रवेश के लिए पूर्व-शिक्षाशास्त्री परीक्षा आयोजित की गयी । इसके अतिरिक्त १९ छात्रों को वर्ष २००१-२००२ में विद्यावारिधि उपाधि प्रदान की गई ।

(ङ) संस्थाओं की सम्बद्धता

संस्थान का प्रारम्भ कुछ केन्द्रीय संस्कृत विद्यापीठों से हुआ था । बाद में कुछ स्वतन्त्र संस्थाओं को भी इससे सम्बद्ध कर लिया गया । पिछले कुछ वर्षों से सम्बद्ध संस्थाओं की संख्या में पर्याप्त वृद्धि हुई है । संस्थान से सम्बद्ध संस्थाओं की सूची संलग्नक "ग" में दी गयी है । इन स्वतन्त्र संस्कृत संस्थाओं को प्रथमा से आचार्य एवं विद्यावारिधि के पाठ्यक्रमों के लिए सम्बद्धता दी गई है ।

५. प्रशासन विभाग

इस विभाग का प्रमुख उप-निदेशक होता है । प्रस्तुत वर्ष में निम्नलिखित अधिकारी/कर्मचारी इस विभाग में कार्य कर रहे हैं—

१. एक अनुभाग अधिकारी

२. दो सहायक

३. एक उच्च श्रेणी लिपिक

४. पाँच निम्न श्रेणी लिपिक

राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान के मुख्यालय में प्रशासन विभाग नियमानुसार कार्यालय को व्यवस्थित ढंग से चलाने का कार्य करता है । यह संस्थान के अंगीभूत विद्यापीठों को अधिक प्रभावी और कार्यकुशल बनाने के लिए आवश्यक सुविधाएँ प्रदान करता है । यह विभाग प्रमुख रूप से सामान्य प्रशासन, स्थापना संबंधी मामलों, सेवा और आपूर्ति, भूमि और भवन की प्राप्ति, नए केन्द्रीय संस्कृत विद्यापीठों की स्थापना, संस्थान की साधारण सभा एवं शासी परिषद् की बैठकों का संचालन आदि करता है ।

जिन विद्यापीठों के पास अपना भवन नहीं है, उनके लिए जमीन प्राप्त करने और उनके लिए भवन बनाने की दिशा में प्रयास किए गए हैं । जम्मू, जयपुर, लखनऊ, पुरी, एवं शृंगेरी विद्यापीठों के भवन निर्माण की प्रक्रिया चल रही है ।

चार अन्य विद्यापीठों, दो बम्बई (महाराष्ट्र) में, एक भोपाल (मध्यप्रदेश) में और एक मुजफ्फरपुर (बिहार) में, की स्थापना का मामला मंत्रालय में विचाराधीन है ।

छात्रवृत्ति

वर्तमान सत्र में इस विभाग का एक अतिरिक्त अनुभाग छात्रवृत्ति वितरण का कार्य भी देखता है । इस अनुभाग में निम्नलिखित कर्मचारी कार्यरत हैं—

१. कार्यालय अधीक्षक	१
२. सहायक	१
३. उच्च श्रेणी लिपिक	१

छात्रवृत्ति इकाई दो प्रकार के छात्रवृत्ति के वितरण का कार्य देखती है । प्रथम छात्रवृत्ति अंगभूत विद्यापीठों के विद्यार्थियों को दी जाती है । २००१-२००२ में विद्यापीठों के विद्यार्थियों को दी जाने वाली छात्रवृत्ति का विवरण इस प्रकार है—

क्रम सं०	विद्यापीठ का नाम	छात्रवृत्ति पाने वाले विद्यार्थियों की संख्या
१.	गंगानाथ झा केन्द्रीय संस्कृत विद्यापीठ, इलाहाबाद	१
२.	श्री सदाशिव केन्द्रीय संस्कृत विद्यापीठ, पुरी	३९५
३.	श्री रणवीर केन्द्रीय संस्कृत विद्यापीठ, जम्मू	२५५
४.	गुरुवायूर केन्द्रीय संस्कृत विद्यापीठ, केरल	३२५
५.	केन्द्रीय संस्कृत विद्यापीठ, जयपुर	२८५
६.	केन्द्रीय संस्कृत विद्यापीठ, लखनऊ	११७
७.	राजीव गांधी केन्द्रीय संस्कृत विद्यापीठ, शृंगेरी (कर्नाटक)	७६
८.	केन्द्रीय संस्कृत विद्यापीठ, गरली (हि० प्र०)	२४९

दूसरी छात्रवृत्ति विद्यापीठ के छात्रों के अतिरिक्त अन्य छात्रों/शोधार्थियों के लिए है जो दो प्रकार की है:—

१. परम्परागत पाठशालाओं के विद्यार्थियों के लिए शोध-छात्रवृत्ति ।

२. मैट्रिक के बाद की छात्रवृत्ति (इन्टर, बी० ए०, एम.ए,,पी-एच.डी.) और उसके समकक्ष परम्परागत पाठ्यक्रमों का अध्ययन करने वाले छात्रों के लिए ।

वर्ष २००१-२००२ के दौरान छात्रवृत्ति पाने वाले विद्यार्थियों का विवरण इस प्रकार है:—

क्रम सं०	पाठ्यक्रम	नई छात्रवृत्तियां (प्रथम वर्ष)	नवीकरण (द्वितीय वर्ष)
१.	प्राक्शास्त्री/उत्तरमध्यमा	२८५	८५
२.	इन्टरमीडियेट	८४१	९७
३.	बी० ए०	४४८	१०६
४.	शास्त्री	२२७	१६
५.	एम० ए०	१५४	३९
६.	आचार्य	९८	२
७.	पी-एच० डी०	३०	२६
८.	विद्यावारिधि	२५	४
		२१०८	३७८

६. वित्त विभाग

इस विभाग का प्रमुख अधिकारी उपनिदेशक है । विभाग के अन्य कर्मचारियों में एक लेखाधिकारी, एक सहायक, तीन उच्च श्रेणी लिपिक तथा दो निम्न श्रेणी लिपिक हैं ।

बजट (२००१-२००२)

वर्ष २०००-२००१ के बचे हुए १८६.५१ लाख रुपये को वित्तीय वर्ष २००१-२००२ में समाविष्ट किया गया । मन्त्रालय के द्वारा इस वर्ष कुल मिलाकर २२८६.५१ लाख रुपये की राशि (पूर्व वर्ष की अवशिष्ट राशि सहित) स्वीकृत की गई । इस राशि को अंगीभूत इकाइयों में निम्नलिखित प्रकार से वितरित किया गया है:— (रूपये का अंक लाखों में)

इकाई		योजनागत	योजनेतर	कुलयोग
१.	मुख्यालय	७४३.२२	७४३.६१	१४८६.८३
२.	पुरी विद्यापीठ	१६१.००	१४३.७८	३०४.७८
३.	जम्मू विद्यापीठ	३०७.३४	१२५.००	४३२.३४
४.	इलाहाबाद विद्यापीठ	९.४९	१००.६५	११०.१४
५.	गुरुवायूर विद्यापीठ	—	१०७.६०	१०७.६०
६.	जयपुर विद्यापीठ	१८७.००	१०८.५०	२९५.५०
७.	लखनऊ विद्यापीठ	५०.००	८५.१५	१३५.१५
८.	शृंगेरी विद्यापीठ	८५.९८	—	८५.९८
९.	गरली विद्यापीठ	३५.००	—	३५.००
१०.	भोपाल विद्यापीठ के लिए	—	—	—
	कुल योग	१५७९.०३	१४१४.२९	२९९३.३२

यह राशि वेतन, भत्ते, छात्रवृत्तियां प्रसिद्ध संस्कृत विद्वानों को राष्ट्रपति सम्मान एवं अन्य रख रखाव की मदों पर खर्च की गई । वित्तीय वर्ष के अन्त में १७२.३१ लाख रुपये (योजनागत ३२.६७ लाख रुपये तथा योजनेतर १३९.६४ लाख रुपये) की धनराशि व्यय न होने के कारण अवशिष्ट रही ।

लेखा

अंगभूत विद्यापीठों का लेखा सम्बद्ध महालेखाकार द्वारा विधिवत् परीक्षित एवं प्रमाणित किया गया । वर्ष २००१-२००२ का समेकित लेखा दिनांक १-११-२००२ को परीक्षित किया गया । समेकित प्राप्ति एवं भुगतान लेखा का विवरण संलग्नक "च" में दिया गया है ।

भविष्य निधि खातों का रख-रखाव

यह विभाग मुख्यालय के अधिकारियों व अन्य कर्मचारियों के वेतन और भविष्य निधि वालों का रख-रखाव करता है : वित्तीय वर्ष के अंत में प्रत्येक अधिकारी और कर्मचारी को उसके वार्षिक भविष्य निधि खाते का विवरण प्रदान किया गया ।

लेखा परीक्षा आपत्तियों का निराकरण

वर्ष के दौरान लेखा परीक्षा आपत्तियों को निपटाने के लिए संगठित प्रयास किए गए । इसके लिए सभी विद्यापीठों को यह निर्देश दिया गया कि वे आवश्यक सुधारात्मक कार्यवाही करें । इसके अनुपालन में लेखा परीक्षाधिकारियों को उत्तर भेजे गए । इस प्रकार इस वर्ष में बहुत सी लेखा-परीक्षा-आपत्तियों को निपटाया गया ।

७. योजना अनुभाग

इस विभाग का कुछ कार्य वर्तमान में उपनिदेशक (वित्त) के अधीन होता है तथा कुछ भाग उपनिदेशक (प्रशासन) के अधीन होता है । इस अनुभाग में निम्नलिखित कर्मचारी कार्यरत हैं—

१. अनुभाग अधिकारी	१
२. अनुदेशक	२
३. उच्च श्रेणी लिपिक	१
४. निम्न श्रेणी लिपिक	२
५. चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी	२

संस्कृत भाषा एवं साहित्य के विकास और प्रचार-प्रसार के लिए मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार के द्वारा स्थानान्तरित अनेक योजनाओं को राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान क्रियान्वित कर रहा है । जैसे:—

(i) स्वैच्छिक संस्कृत संगठनों को वित्तीय सहायता

२००१-२००२ में इस योजना के अन्तर्गत चुने हुए ७४२ संस्कृत संस्थाओं को संस्कृत अध्यापकों के वेतन, विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति, पुस्तकालय, तथा विद्यालय के भवन निर्माण हेतु वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है । वर्ष में इस योजना के अन्तर्गत ३६२.७२ लाख रुपये की धनराशि खर्च की गई ।

(ii) आदर्श संस्कृत महाविद्यालय/शोध संस्थान

इस योजना के अन्तर्गत देश के विभिन्न भागों में २१ संस्थाएं चल रही हैं । इस योजना के अन्तर्गत मान्यता प्राप्त संस्थाओं को आवर्ती मदों पर ९५% तथा अनावर्ती मदों पर ७५ % अनुदान दिया जाता है । इस वर्ष योजना में २७६.८६ लाख तथा योजनेतर में २७३.१७ लाख रुपये की धनराशि संस्थान के द्वारा इन संस्थाओं को दी गई ।

(iii) शास्त्र चूड़ामणि योजना

इस योजना के अन्तर्गत आदर्श संस्कृत पाठशालाओं और राज्य सरकारों द्वारा चलाए जा रहे संस्कृत महाविद्यालयों एवं स्वैच्छिक संगठनों में सेवानिवृत्त प्रख्यात संस्कृत विद्वानों की सेवाओं का उपयोग किया जाता है ।

इस योजना को आरंभ करने का उद्देश्य यह है कि परम्परागत पद्धति से संस्कृत शिक्षा प्रदान करने वाले केन्द्रों में विभिन्न शास्त्रीय विषयों के गहन अध्ययन को संरक्षित किया जा सके ।

योजना के अनुसार परम्परागत संस्कृत विद्वानों की नियुक्ति विभिन्न संगठनों में की जाती है । इस योजना के अन्तर्गत इस वर्ष २२.०४ लाख रुपये की राशि खर्च की । प्रत्येक विद्वान् को २५०० रुपये (अप्रैल १९९८ से) प्रतिमाह प्रथमत: दो वर्ष के लिए दिये जाते हैं । अनुदान-समिति की संस्तुति पर एक वर्ष के लिए इनकी नियुक्ति का कार्यकाल बढ़ाया जा सकता है ।

(iv) व्यावसायिक प्रशिक्षण योजना

इस योजना के अन्तर्गत व्यावसायिक विषयों जैसे ज्योतिष, कर्मकाण्ड, पेलियोग्राफी, कैटलागिंग, पाण्डुलिपि-विज्ञान, संस्कृत आशुलिपि और टंकण आदि में कार्यगोष्ठियों के आयोजन तथा व्यावसायिक प्रशिक्षण के लिए चुने हुए संगठनों को वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है ।

प्रस्तुत वर्ष में भारत सरकार के द्वारा इस योजना के अन्तर्गत २.४५ लाख रुपये व्यय किए गये हैं ।

(v) संस्कृत शब्दकोश परियोजना

ऐतिहासिक सिद्धांतों के आधार पर १५०० ई. पू. से १९०० ई. तक की अवधि का एक संस्कृत शब्द कोश डेकन कालेज, पूना के द्वारा तैयार किया जा रहा है । यह परियोजना वर्ष १९४८ से आरम्भ की गई थी । डेकन कालेज पूना का संस्कृत शब्दकोश परियोजना विभाग प्रधान संपादक की अध्यक्षता में कार्य कर रहा है । अब तक इस शब्दकोश के छ: खण्ड पांच खण्ड, प्रत्येक तीन भाग व छठा खण्ड एक भाग और ३०४८ पृष्ठ मुद्रित हो चुके हैं । कार्य प्रगति पर है । यह परियोजना प्रमुख रूप से भारत सरकार के द्वारा वित्तीय सहायता प्राप्त है तथा महाराष्ट्र सरकार के द्वारा भी कुछ वित्तीय सहायता दी जाती है । वर्ष २००१-२००२ के दौरान राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान ने शब्द कोश परियोजना के लिए ३० लाख रुपये की धनराशि स्वीकृत की है ।

(vi) अखिल भारतीय शास्त्रीय वाक्स्पर्धा

प्रतिवर्ष की तरह संस्थान ने इस वर्ष भी देश के विभिन्न भागों में अध्ययन करने वाले संस्कृत के पारम्परिक छात्रों के लिए अखिल भारतीय शास्त्रीय वाक्स्पर्धा का आयोजन शृंगेरी कर्नाटक में दिसम्बर, २००१ में किया गया । छात्रों के संस्कृत में भाषण कौशल को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से यह प्रतियोगिता आठ शास्त्रीय विषयों में आयोजित की गई— साहित्य, व्याकरण, मीमांसा, वेदान्त, न्याय वैशेषिक, सांख्ययोग, और श्लोकान्त्याक्षरी एवं समस्यापूर्ति । विजयी प्रतिस्पर्धियों को नकद पुरस्कार के अलावा स्वर्ण, रजत एवं कांस्य पदकों द्वारा विभूषित किया गया इस वर्ष से न्याय, व्याकरण एवं काव्य विषयों में शलाका परीक्षा को भी स्पर्धा में सम्मिलित किया गया है ।५.३८ लाख रूपए इस योजना हेतु निर्धारित थे जिसमें रू० ५.३७८१५ व्यय हुए ।

(viii) राष्ट्रपति द्वारा संस्कृत, पालि-प्राकृत, उर्दू, फारसी के सम्मानित विद्वानों को मानदेय

राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित विद्वानों को संस्थान प्रति वर्ष ५०,०००/- रुपये की मानदेय राशि देती है । वर्ष के दौरान इस मद में १४६.४५लाख रुपये खर्च किय गये ।

८. विद्यापीठ

८-१ श्री सदाशिव केन्द्रीय संस्कृत विद्यापीठ, पुरी

परम्परागत संस्कृत अध्ययन अध्यापन में चिरकाल से सम्बद्ध, राज्य सरकार के अन्तर्गत संचालित सदाशिव संस्कृत कालेज, पुरी का १५ अगस्त १९७१ को राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान के द्वारा अधिग्रहण किया गया। पुराने सदाशिव संस्कृत कालेज, पुरी का नाम बदल कर श्री सदाशिव केन्द्रीय संस्कृत विद्यापीठ, पुरी रखा गया।

यह विद्यापीठ विभिन्न विभागों जैसे साहित्य, नव्यव्याकरण, धर्मशास्त्र, पुराणेतिहास, ज्योतिष, अद्वैतवेदांत, नव्यन्याय, सर्वदर्शन आदि में प्रथमा से आचार्य तक का शिक्षण कार्य कर रहा है।

इन विषयों के अतिरिक्त इसमें आधुनिक विषयों जैसे-अंग्रेजी, हिन्दी, उड़िया, इतिहास और गणित में शास्त्री और विद्यालय स्तर की कक्षाओं में संस्थान के पाठ्यक्रम के अनुसार अध्यापन कार्य होता है। यहाँ शिक्षाशास्त्री (प्रशिक्षण) पाठ्यक्रम भी चलाया जा रहा है।

प्रवेश

प्रस्तुत वर्ष में विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश लेने वाले छात्रों का विवरण इस प्रकार है:—

	कक्षा	छात्र संख्या
१.	प्रथमा-प्रथम वर्ष	—
२.	प्रथमा-द्वितीय वर्ष	—
३.	प्रथमा-तृतीय वर्ष	—
४.	पूर्वमध्यमा-प्रथम वर्ष	०२
५.	पूर्वमध्यमा-द्वितीय वर्ष	०२
६.	उत्तरमध्यमा-प्रथम वर्ष	०३
७.	उत्तरमध्यमा-द्वितीय वर्ष	०५
८.	प्राक्शास्त्री प्रथम वर्ष	२९
९.	प्राक्शास्त्री द्वितीय वर्ष	३२
१०.	शास्त्री प्रथम वर्ष	४९
११.	शास्त्री द्वितीय वर्ष	४६
१२.	शास्त्री तृतीय वर्ष	४४

१३.	आचार्य प्रथम वर्ष	१०७
१४.	आचार्य द्वितीय वर्ष	९५
१५.	शिक्षाशास्त्री	६१
	कुल योग	५२२

इस वर्ष अनुसूचित जाति/जनजाति के १६ छात्रों को प्रवेश दिया गया।

छात्रवृत्ति

२००१-२००२ में छात्रवृत्ति प्राप्त करने वाले छात्रों का विवरण इस प्रकार है:—

	कक्षा	छात्र संख्या
१.	प्रथमा-प्रथम वर्ष	—
२.	प्रथमा-द्वितीय वर्ष	—
३.	प्रथमा-तृतीय वर्ष	—
४.	पूर्वमध्यमा-प्रथम वर्ष	२
५.	पूर्वमध्यमा-द्वितीय वर्ष	—
६.	उत्तरमध्यमा-प्रथम वर्ष	१
७.	उत्तरमध्यमा-द्वितीय वर्ष	४
८.	प्राक्शास्त्री-प्रथम वर्ष	२६
९.	प्राक्शास्त्री-द्वितीय वर्ष	२८
१०.	शास्त्री-प्रथम वर्ष	४१
११.	शास्त्री-द्वितीय वर्ष	४२
१२.	शास्त्री-तृतीय वर्ष	४०
१३.	आचार्य-प्रथम वर्ष	१००
१४.	आचार्य-द्वितीय वर्ष	८१
१५.	शिक्षाशास्त्री	३०
	कुल योग	३९५

परिणाम

प्रकृत वर्ष में विद्यापीठ की विभिन्न परीक्षाओं का परिणाम इस प्रकार रहा—

कक्षा	प्रतिशत
प्रथमा-प्रथम वर्ष	—
द्वितीय वर्ष	—
तृतीय वर्ष	—
पूर्वमध्यमा-प्रथम वर्ष	—
द्वितीय वर्ष	—
उत्तरमध्यमा-प्रथम वर्ष	६७%
द्वितीय वर्ष	८३%
प्राक्शास्त्री-प्रथम वर्ष	७०%
द्वितीय वर्ष	८५%
शास्त्री-प्रथम वर्ष	७८%
द्वितीय वर्ष	८८%
तृतीय वर्ष	७८%
आचार्य-प्रथम वर्ष	८२%
द्वितीय वर्ष	९३%
शिक्षाशास्त्री	९२%

८.२ गंगानाथ झा केन्द्रीय संस्कृत विद्यापीठ, इलाहाबाद

गंगानाथ झा केन्द्रीय संस्कृत विद्यापीठ, इलाहाबाद राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान के अंगीभूत एक शोध संस्थान के रूप में कार्य कर रहा है। राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान की विद्यावारिधि उपाधि हेतु शोधकार्य करने के लिए विद्यापीठ प्रतिवर्ष एक निश्चित संख्या में शोध छात्रों को प्रवेश देता है। विद्यापीठ में प्रविष्ट शोध-छात्र विद्यापीठ के शैक्षिक सदस्य के निर्देशन में कार्य करते हैं तथा पुस्तकालय एवं पाण्डुलिपि विभाग में उपलब्ध सुविधाओं का उपयोग करते हैं। विद्यापीठ का पुस्तकालय एवं पाण्डुलिपियां न केवल उसके छात्रों और विद्वानों के लिए सीमित हैं अपितु विद्यापीठ संस्कृत एवं प्राचीन भारतीय संस्कृति में अभिरुचि रखने वाले समाज के विभिन्न वर्गों के विद्वानों एवं शोधार्थियों को अपनी क्षमता के अनुसार इसके पुस्तकालय के उपयोग के लिए आमन्त्रित करता है।

विद्यापीठ के शैक्षिक सदस्य शोधार्थियों के निर्देशन के अतिरिक्त संस्थान द्वारा दिए गए विषयों पर शोध-कार्य भी करते हैं। विद्यापीठ की शोध-परियोजना का कार्य न केवल वैयक्तिक रूप से अपितु सामूहिक रूप से भी किया जाता है।

प्रस्तुत वर्ष २००१-२००२ में विद्यापीठ में २५ शोधार्थियों को विद्यावारिधि के लिए नामांकित किया गया।

परियोजनाएँ— १. पाण्डुलिपियों का संग्रह व संरक्षण
२. वेदभाष्य कोष का निर्माण
३. प्रातिशाख्य परिभाषा कोष

४. आठ संस्कृत पाण्डुलिपियों का समीक्षात्मक संपादन

५. शोध पत्रिका का संपादन

इस वर्ष विद्यापीठ से ७ पुस्तकें प्रकाशित हुईं।

८-३ श्री रणवीर केन्द्रीय संस्कृत विद्यापीठ, जम्मू

जम्मू एवं कश्मीर के पूर्व महाराज श्री रणवीर सिंह जी के द्वारा संस्थापित श्री रघुनाथ संस्कृत महाविद्यालय का राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान, नयी दिल्ली ने ०१ अप्रैल, १९७१ को अधिग्रहण किया तथा इसका नाम श्री रणवीर केन्द्रीय संस्कृत विद्यापीठ रखा गया। प्रथमा से आचार्य तक के विद्यार्थी यहाँ विभिन्न विषयों जैसे-साहित्य, न्याय, व्याकरण, फलित ज्योतिष और सर्वदर्शन का अध्ययन करते हैं। संस्कृत अध्यापकों के प्रशिक्षण के लिए १९७९ में शिक्षाशास्त्री पाठ्यक्रम आरंभ किया गया। शास्त्री स्तर तक पारम्परिक विषयों के साथ हिन्दी, डोगरी, अंग्रेजी और राजनीतिशास्त्र तथा इतिहास जैसे आधुनिक विषयों को पढ़ाया जाता है।

इस विद्यापीठ को काश्मीर शैव दर्शन कोश तैयार करने के उद्देश्य से कश्मीर शैवदर्शन परियोजना का दायित्व सौंपा गया था।

विद्यापीठ १४-७-१९७१ से किराए के भवन में अपना कार्य कर रहा है। जम्मू और कश्मीर सरकार ने भवन-निर्माण के लिए भलवल में भूमि स्वीकृत की है। भवन के निर्माण का कार्य प्रगति पर है।

प्रवेश

प्रस्तुत वर्ष में विभिन्न कक्षाओं में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों की संख्या निम्नलिखित है:—

कक्षा	छात्र संख्या
प्रथमा-प्रथम वर्ष	६
प्रथमा-द्वितीय वर्ष	४
प्रथमा-तृतीय वर्ष	३
पूर्वमध्यमा-प्रथम वर्ष	२१
पूर्वमध्यमा-द्वितीय वर्ष	७५
उत्तरमध्यमा-प्रथम वर्ष	०५
उत्तरमध्यमा-द्वितीय वर्ष	१०
प्राक्शास्त्री-प्रथम वर्ष	३३
प्राक्शास्त्री-द्वितीय वर्ष	२३
शास्त्री-प्रथम वर्ष	७३
शास्त्री-द्वितीय वर्ष	५०
शास्त्री-तृतीय वर्ष	३०
आचार्य-प्रथम वर्ष	२८
आचार्य-द्वितीय वर्ष	१३
शिक्षाशास्त्री	६०
कुल योग	**४३४**

प्रस्तुत वर्ष में अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के १६ विद्यार्थियों को विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश दिया गया।

इस विद्यापीठ में जम्मू और कश्मीर राज्य के अतिरिक्त हिमाचल प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, बिहार, नेपाल आदि अन्य राज्यों से आने वाले विद्यार्थियों को भी प्रवेश दिया जाता है। विद्यापीठ के पास अपना भवन न होने के कारण इसका कार्यालय, पुस्तकालय एवं कक्षाएं किराए के भवन में चलायी जाती हैं। इसी प्रकार छात्रावास भी किराए के भवनों में है। इस वर्ष ४० विद्यार्थियों को छात्रावास की सुविधा उपलब्ध करायी गयी।विद्यापीठ का भवन निर्माणाधीन है।

छात्रवृत्तियां

कक्षा	संख्या
प्रथमा प्रथम वर्ष	५
प्रथमा द्वितीय वर्ष	२
प्रथमा तृतीय वर्ष	२
पूर्वमध्यमा प्रथम वर्ष	१७
पूर्वमध्यमा द्वितीय वर्ष	४
उत्तरमध्यमा प्रथम वर्ष	१
उत्तरमध्यमा द्वितीय वर्ष	५
प्राक्शास्त्री प्रथम वर्ष	२४
प्राक्शास्त्री द्वितीय वर्ष	८
शास्त्री प्रथम वर्ष	४८
शास्त्री द्वितीय वर्ष	४०
शास्त्री तृतीय वर्ष	..
आचार्य प्रथम वर्ष व द्वितीय वर्ष	१६
विद्यावारिधि	२५
कुल योग	—
	१९७

परिणाम

प्रस्तुत वर्ष में विद्यापीठ की विभिन्न परीक्षाओं का परिणाम इस प्रकार रहा—

कक्षा	प्रतिशत
प्रथमा-प्रथम वर्ष	६६%
द्वितीय वर्ष	८०%
तृतीय वर्ष	१००%

पूर्वमध्यमा-प्रथम वर्ष	९२%
द्वितीय वर्ष	८२%
उत्तरमध्यमा-प्रथम वर्ष	१००%
द्वितीय वर्ष	८०%
प्राक्शास्त्री-प्रथम वर्ष	७६.२५%
द्वितीय वर्ष	८३.६०%
शास्त्री-प्रथम वर्ष	७३%
द्वितीय वर्ष	८५%
तृतीय वर्ष	९३%
आचार्य- ज्योतिष साहित्य दर्शन	८८%
(व्याकरण)	८३%
शिक्षाशास्त्री	१००%

८-४ गुरुवायूर केन्द्रीय संस्कृत विद्यापीठ, पुरानाटुकरा, त्रिचूर

गुरुवायूर केन्द्रीय संस्कृत विद्यापीठ, जो संस्थान द्वारा अधिग्रहण से पूर्व साहित्यदीपिका संस्कृत विद्यापीठ के नाम से जाना जाता था, राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान द्वारा संचालित आठ विद्यापीठों में से एक है। शैक्षिक सत्र २००१-२००२ में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों की संख्या इस प्रकार है:—

कक्षा	विद्यार्थियों की संख्या
प्राक्शास्त्री-प्रथम वर्ष	६०
प्राक्शास्त्री द्वितीय वर्ष	५९
शास्त्री-प्रथम वर्ष	४६
शास्त्री-द्वितीय वर्ष	३३
शास्त्री-तृतीय वर्ष	२२
आचार्य-प्रथम वर्ष	२९
आचार्य-द्वितीय वर्ष	१२
शिक्षाशास्त्री	६०
विद्यावारिधि	०४
कुल योग	३२५

छात्रवृत्ति

विभिन्न कक्षाओं में अध्ययन करने वाले विद्यार्थियों को दी गई छात्रवृत्तियों की संख्या इस प्रकार है:—

कक्षा	विद्यार्थियों की संख्या
प्राक्शास्त्री प्रथम वर्ष	३०
प्राक्शास्त्री द्वितीय वर्ष	३०
शास्त्री प्रथम वर्ष	३५
शास्त्री द्वितीय वर्ष	१९
शास्त्री तृतीय वर्ष	१७
आचार्य प्रथम वर्ष	२२
आचार्य द्वितीय वर्ष	१०
शिक्षाशास्त्री	३०
विद्यावारिधि	०४
कुल योग	१९७

इस वर्ष अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के ४० छात्रों ने विभिन्न कक्षाओं में प्रवेश लिया।

परिणाम

प्रकृत वर्ष में विद्यापीठ की विभिन्न परीक्षाओं के परिणाम इस प्रकार रहे—

कक्षा	प्रतिशत
प्राक्शास्त्री-प्रथम वर्ष	९८%
द्वितीय वर्ष	१००%
शास्त्री-प्रथम वर्ष	९७%
द्वितीय वर्ष	१००%
तृतीय वर्ष	९६%
आचार्य-प्रथम वर्ष	१००%
द्वितीय वर्ष	१००%
शिक्षाशास्त्री	१००%

इस वर्ष अनुसूचित जाति/जनजाति के ४४ विद्यार्थियों को विभिन्न कक्षाओं में प्रवेश दिया गया।

८-५ केन्द्रीय संस्कृत विद्यापीठ, जयपुर

यह विद्यापीठ राजस्थान संस्कृत अकादमी की संस्तुतियों के आधार पर राजस्थान के तत्कालीन मुख्यमंत्री के द्वारा तत्कालीन शिक्षामंत्री, भारत सरकार को किए गए अनुरोध के फलस्वरूप मई १९८३ में संस्थापित किया गया। वर्तमान में इस विद्यापीठ में तीन विभाग हैं:—

१. शोध एवं प्रकाशन

२. शास्त्री, आचार्य विभाग

३. प्रशिक्षण विभाग

प्रस्तुत वर्ष में क्रियाकलापों का विवरण इस प्रकार है:—

प्रवेश

कक्षा	छात्र संख्या
प्राक्शास्त्री प्रथम वर्ष	२५
प्राक्शास्त्री द्वितीय वर्ष	२०
शास्त्री प्रथम वर्ष	६०
शास्त्री द्वितीय वर्ष	५७
शास्त्री तृतीय वर्ष	४६
आचार्य प्रथम वर्ष	४९
आचार्य द्वितीय वर्ष	३२
शिक्षाशास्त्री	६३
कुल योग	३५२

छात्रवृत्ति का विवरण

कक्षा	संख्या
प्राक्शास्त्री प्रथम वर्ष	२४
प्राक्शास्त्री द्वितीय वर्ष	१८
शास्त्री प्रथम वर्ष	५३
शास्त्री द्वितीय वर्ष	५६
शास्त्री तृतीय वर्ष	४५

आचार्य प्रथम वर्ष	४३
आचार्य द्वितीय वर्ष	२६
शिक्षाशास्त्री	३०
कुल योग	२९५

परिणाम

इस वर्ष विद्यापीठ की विभिन्न परीक्षाओं के परिणाम इस प्रकार रहे—

कक्षा	प्रतिशत
प्राक्शास्त्री-प्रथम वर्ष	६८%
द्वितीय वर्ष	१००%
शास्त्री-प्रथम वर्ष	८६.६६%
द्वितीय वर्ष	९२.९८%
तृतीय वर्ष	१००%
आचार्य-प्रथम वर्ष	८१.६३%
द्वितीय वर्ष	९०.६२%
शिक्षाशास्त्री	९०.४७%

इस वर्ष अनुसूचित/जनजाति के २३ विद्यार्थियों ने प्रवेश लिया। ५६ विद्यार्थियों ने होस्टल की सुविधा प्राप्त की।

८-६ केन्द्रीय संस्कृत विद्यापीठ, लखनऊ

प्रवेश

२००१-२००२ शैक्षिक वर्ष में इस विद्यापीठ में छात्रों के प्रवेश का विवरण निम्नलिखित है:—

कक्षा	विद्यार्थियों की संख्या
प्राक्शास्त्री प्रथम वर्ष	१३
प्राक्शास्त्री द्वितीय वर्ष	०८
शास्त्री प्रथम वर्ष	१९
शास्त्री द्वितीय वर्ष	१५
शास्त्री तृतीय वर्ष	०९

आचार्य-प्रथमवर्ष	४१
आचार्य द्वितीय वर्ष	१२
शिक्षाशास्त्री	६२
कुलयोग	१७९

छात्रवृत्ति

प्रस्तुत वर्ष में छात्रवृत्ति प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों का विवरण इस प्रकार है:—

कक्षा	विद्यार्थियों की संख्या
प्राक्शास्त्री प्रथम वर्ष	०८
प्राक्शास्त्री द्वितीय वर्ष	०४
शास्त्री प्रथम वर्ष	१०
शास्त्री द्वितीय वर्ष	०७
शास्त्री तृतीय वर्ष	०५
आचार्य प्रथम वर्ष	२७
आचार्य द्वितीय वर्ष	०८
शिक्षाशास्त्री	३०
कुल योग	९१

इस वर्ष अनुसूचित जाति/जनजाति व पिछड़ी जाति के २२ विद्यार्थियों को प्रवेश दिया गया। ४२ महिला छात्रों को भी प्रवेश किया गया।इस वर्ष ५४ विद्यार्थियों को छात्रावास की सुविधा प्रदान की गयी।

परिणाम

इस वर्ष विद्यापीठ की वार्षिक परीक्षाओं के परिणाम इस प्रकार रहे—

कक्षा	प्रतिशत
प्राक्शास्त्री-प्रथम वर्ष	१०० %
द्वितीय वर्ष	१००%
शास्त्री-प्रथम वर्ष	९८%
द्वितीय वर्ष	१००%
तृतीय वर्ष	१००%

आचार्य-प्रथम वर्ष	१००%
द्वितीय वर्ष	९९%
शिक्षाशास्त्री	१००%

८-७ राजीव गांधी केन्द्रीय संस्कृत विद्यापीठ, शृंगेरी

शृंगेरी में मानव संसाधन विकास मंत्री की उपस्थिति में दिनांक ५-३-१९९२ को भारत के राष्ट्रपति के द्वारा राजीव गांधी केन्द्रीय संस्कृत विद्यापीठ का उद्घाटन किया गया। विद्यापीठ शृंगेरी मठ के किराए के एक भवन में कार्यरत है।

प्रवेश

वर्ष २००१-२००२ में विभिन्न कक्षाओं में प्रवेश पाने वाले विद्यार्थियों की संख्या इस प्रकार रही :

कक्षा	छात्रसंख्या
प्राक्शास्त्री प्रथम वर्ष	१८
प्राक्शास्त्री द्वितीय वर्ष	०४
शास्त्री प्रथम वर्ष	०९
शास्त्री द्वितीय वर्ष	०३
शास्त्री तृतीय वर्ष	११
आचार्य प्रथम वर्ष	०५
आचार्य द्वितीय वर्ष	०६
शिक्षाशास्त्री	६०
कुल योग	१०६

छात्रवृत्ति

वर्ष में छात्रवृत्ति पाने वाले छात्रों की संख्या इस प्रकार है;—

कक्षा	छात्रसंख्या
प्राक्शास्त्री प्रथम वर्ष	१८५
प्राक्शास्त्री द्वितीय वर्ष	०४
शास्त्री प्रथम वर्ष	०९
शास्त्री द्वितीय वर्ष	०३
शास्त्री तृतीय वर्ष	०१

आचार्य प्रथम वर्ष	०५
आचार्य द्वितीय वर्ष	०६
शिक्षाशास्त्री	३०
कुल योग	७६

इस वर्ष १८ विद्यार्थियों को छात्रावास की सुविधा-प्रदान की गई और अनुसूचित जाति/जनजाति के १० छात्रों को प्रवेश दिया गया। १४ महिला छात्राओं को इस वर्ष प्रवेश दिया गया।

८.८ केन्द्रीय संस्कृत विद्यापीठ, गरली

भारतीय स्वाधीनता के स्वर्ण जयन्ती वर्ष में दिनांक १६ सितम्बर १९९७ को हिमाचल प्रदेश में कालेश्वर के निकट ग्राम गरली जिला कांगड़ा में आठवें केन्द्रीय संस्कृत विद्यापीठ का उद्घाटन तत्कालीन शिक्षाराज्यमन्त्री, भारत सरकार माननीय श्रीमुहीराम सैकिया के द्वारा किया गया। यह विद्यापीठ सम्प्रति किराए के भवन में चल रहा है। यहां प्राक्शास्त्री से लेकर आचार्य उपाधि पर्यन्त पठन-पाठन की व्यवस्था है।

प्रवेश

वर्ष २०००-२००१ में विभिन्न कक्षाओं में प्रवेश लेने वाले छात्रों की संख्या इस प्रकार रही:—

कक्षा	छात्रसंख्या
प्राक्शास्त्री प्रथम वर्ष	४७
प्राक्शास्त्री द्वितीय वर्ष	४२
शास्त्री प्रथम वर्ष	४८
शास्त्री द्वितीय वर्ष	४७
शास्त्री तृतीय वर्ष	४०
आचार्य प्रथम वर्ष	२२
आचार्य द्वितीय वर्ष	०९
विद्यावारिधि	०२
कुल योग	१९४

छात्रवृत्ति

कक्षा	छात्रसंख्या
प्राक्शास्त्री प्रथम वर्ष	४०
प्राक्शास्त्री द्वितीय वर्ष	—
शास्त्री प्रथम वर्ष	३८
शास्त्री द्वितीय वर्ष	३४
शास्त्री तृतीय वर्ष	२४
आचार्य प्रथमवर्ष	१७
आचार्य द्वितीय वर्ष	०८
कुल योग	१६१

अनुसूचित जाति/जनजाति के छः छात्रों को सत्र २०००-२००१ में विद्यापीठ में प्रवेश दिया गया।

परिणाम

इस वर्ष विद्यापीठ के परिक्षाओं के परिणाम इस प्रकार रहे—

कक्षा	प्रतिशत
प्राक्शास्त्री-प्रथम वर्ष	
शास्त्री प्रथम	—
शास्त्री द्वितीय	९६%
शास्त्री तृतीय	९९%
आचार्य प्रथम	१००%
आचार्य द्वितीय	१००%
	१००%

वर्ष की प्रमुख गतिविधियाँ

९.१ 'स्वयं संस्कृत सीखें' के प्रथम स्तर की सामग्री का लोकार्पण

संस्थान ने संस्कृत स्वशिक्षण के लिए पञ्चस्तरीय सामग्री निर्माण का कार्य अङ्गीकृत किया है। प्रथम स्तर की पाठ्य सामग्री ९०० पृष्ठों में इस वर्ष प्रकाशित हुई। इसका लोकार्पण डॉ० मुरली मनोहर जोशी, मन्त्री, मानव संसाधन विकास मन्त्रालय ने दि० २७.३.२००२ को किया। इस अवसर पर संस्थान के साधारण सभा एवं शासी परिषद् के सभी सदस्य भी उपस्थित थे।

बायें से दायें श्रीमती बेला बैनर्जी, प्रो० हर्षित भाई जोशी, माननीय मन्त्री, मानव संसाधन विकास मन्त्रालय डॉ० मुरली मनोहर जोशी, प्रो० वेम्पटि कुटुम्ब शास्त्री, श्री एन० गोपालस्वामी तथा श्री वी०के० पीपरसोनिया, वित्त सलाहकार, मानव संसाधन विकास मन्त्रालय



माननीय मन्त्री, मानव संसाधन विकास मन्त्रालय डॉ० मुरली मनोहर जोशी 'स्वयं संस्कृत सीखें' प्रथम स्तर की पुस्तक को लोकार्पण समारोह के अवसर पर।

९.२ विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा गठित उच्चस्तरीय समिति का आगमन

राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान को मानित विश्वविद्यालय घोषित किए जाने के सम्बन्ध में दि० २९.०१.२००२ से २.३.२००२ तक उच्चस्तरीय समिति ने संस्थान के अङ्गभूत विद्यापीठों एवं मुख्यालय का दौरा किया। यह समिति विश्व विद्यालय अनुदान आयोग द्वारा गठित की गई थी जिसके सदस्य विभिन्न विश्वविद्यालयों के कुलपति तथा प्रतिष्ठित विद्वान् थे।

विश्वविद्यालय की उच्चस्तरीय समिति शृङ्गेरी परिसर में बायें से–एच०एच० श्री० जगद्गुरु शङ्कराचार्य, भारतीतीर्थ महास्वामी जी दक्षिणाम्नाय श्री शारदापीठम्, शृङ्गेरी, प्रो० देवेन्द्र मिश्र, श्रीमती पङ्कज मित्तल, प्रो० सुरेश्वर शर्मा, प्रो० वेम्पटिकुटम्ब शास्त्री, प्रो० कपिल कपूर तथा प्रो० ए०सी० सारङ्गी।

विश्वविद्यालय की उच्चस्तरीय समिति गरली परिसर में बायें से--श्री धर्मवीरसिंह राजपूत, श्री डी०डी० मेहता, प्रो० के०एन० पाठक, प्रो० वी० एन्० झा, डॉ० हिन्द केसरी तथा अन्य।

विश्वविद्यालय की उच्चस्तरीय समिति जयपुर परिसर में बायें से–प्रो० सुरेश्वर शर्मा, प्रो० ए०सी० सारङ्गी, प्रो० देवेन्द्र मिश्र, डॉ० आर०के० शुक्ल, प्राचार्य, प्रो० वेम्पटिकुटम्ब शास्त्री, श्रीमती पङ्कज मित्तल तथा अन्य।

विश्वविद्यालय की उच्चस्तरीय समिति इलाहबाद परिसर में दायें से–श्री० डी० डी० मेहता, डॉ० वी० आर० पञ्चमुखी, प्रो० वी०एन्० झा, प्रो० वेम्पटिकुटम्ब शास्त्री, श्री गोपराजु राम, प्राचार्य तथा श्री धर्मवीरसिंह राजपूत।

विश्वविद्यालय की उच्चस्तरीय समिति लखनउ परिसर में बायें से–डॉ० वी० आर० पञ्चमुखी, प्रो० वेम्पटिकुटम्ब शास्त्री, श्री० डी० डी० मेहता तथा अन्य।

विश्वविद्यालय की उच्चस्तरीय समिति पुरी परिसर में दायें से–प्रो० ए०सी० सारङ्गी, प्रो० सुरेश्वर शर्मा, प्रो० देवेन्द्र मिश्र, प्रो० वेम्पटिकुटम्ब शास्त्री, डॉ० वी० पी० हिमांशु, प्राचार्य तथा श्रीमती पङ्कज मित्तल।

